**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**31.07.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1547 का उत्तर**

**अनारक्षित डिब्बों वाली ट्रेनें**

**1547. डॉ. धर्मवीर गांधी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** अनारक्षित डिब्बों वाली रेलगाड़ियों की संख्या और किसी रेलगाड़ी के साथ जुड़े अनारक्षित डिब्बों की औसत संख्या क्या है;
**(ख)** क्या सरकार ने वर्ष 2014 से रेलगाड़ियों से जुड़े अनारक्षित डिब्बों की संख्या कम कर दी है;
**(ग)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
**(घ)** क्या सरकार का अनारक्षित डिब्बों को बंद करने का प्रस्ताव है; और
**(ड.)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ड.)** भारतीय रेल विभिन्न प्रकार की नियमित समय-सारणी वाली रेलगाड़ियां जैसे उपनगरीय, कम दूरी की पैसेंजर रेलगाड़ियां, लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस/सुपरफास्ट रेलगाड़ियां परिचालित करती है जिनकी संरचना यात्रियों के विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग होती है। मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति के अंतर्गत 22 डिब्बों वाली रेलगाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के गैर-वातानुकूलित डिब्बों और 08 (आठ) वातानुकूलित डिब्बों का प्रावधान है ताकि सामान्य और गैर-वातानुकूलित शयनयान डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक स्थान प्रदान किया जा सके। वर्तमान में रेलगाड़ी सेवाओं के संचालन के लिए उपयोग किए जा रहे

कुल सवारी डिब्बों में दो-तिहाई गैर-वातानुकूलित हैं, और एक-तिहाई वातानुकूलित संस्करण के हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने अमृत भारत सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है और ये झटका मुक्त यात्रा के लिए सेमी-पर्मानेंट कपलर, क्षैतिज स्लाइडिंग खिड़कियां, फोल्ड होने वाली नाश्ते की मेज और बोतल होल्डर, मोबाइल होल्डर आदि जैसी उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित हैं। ये सेवाएं, जो पूर्णत: गैर-वातानुकूलित रेलगाड़ियां हैं, वर्तमान में इनमें 12 शयनयान श्रेणी के डिब्बे और 8 सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं, जिनमें यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बढ़ी हुई मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बों सहित 10,000 गैरवातानुकूलित सवारी डिब्बों के निर्माण की योजना - बनाई है।

*****